डीएवी कॉलेज में डॉक्टर बीआर अंबेडकर के जीवन पर क्विज का आयोजन

कॉलेज डॉक्टर बी आर अंबेडकर के जीवन पर क्विज प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र।

साढौरा। डीएवी कॉलेज साढौरा में संविधान निमार्ता डॉ बी आर अंबेडकर के जन्मोत्सव के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गयो इस प्रश्नोत्तरी में डॉक्टर अंबेडकर के जीवन, सामाजिक कार्यों, उनके लेखन इत्यादि से संबंधित प्रश्न पूछे गए।इस अवसर पर विभिन्न संकाय के 60 विद्यार्थियों में प्रतिभागीता की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए तृतीय वर्ष के अभिषेक, द्वितीय स्थान एम ए अंग्रेजी द्वितीय वर्ष की सुनीता रानी एव तृतीय स्थान एम ए अंग्रेजी द्वितीय वर्ष की काजल ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज लाइब्रेरियन डॉ राजेंद्र कुमार ने किया जिसमें प्रोफेसर नीरू, प्रोफेसर अंकिता, प्रोफेसर नीरज, प्रोफेसर मांगेराम ने अपना बहुमूल्य सहयोग दिया। कॉलेज प्राचार्य आर के खुर्रा ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और साथ ही कॉलेज लाइब्रेरियन एवं अन्य स्टाफ को सफल आयोजन पर बधाई दी।